दिनांक 4 सितंबर 2020

# भिलाई के नए इंग्लिश मीडियम स्कूल का स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉक्टर आलोक शुक्ला ने लिया जायजा

भिलाई नगर/ भिलाई सेक्टर 6 में बन रहे नए इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण आज स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला ने किया! इस दौरान जिले के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी उपस्थित रहे! सेक्टर 6 इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए किए जा रहे मॉडिफिकेशन कार्य का जायजा उन्होंने लिया! निरीक्षण में उन्होंने पेंटिंग कार्य , शौचालय, खिड़की, दरवाजे, खेल मैदान, पार्किंग एरिया आदि का जायजा लेकर अधिकारियों को उचित निर्देश दिए! श्री शुक्ला ने बायोलॉजी, केमिस्ट्री एवं फिजियोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया! लाइब्रेरी एवं कक्षाओं में पहुंचकर वेंटीलेशन की व्यवस्था देखी! उन्होंने प्राइमरी स्कूल के बच्चों के द्वारा बनाए गए शिक्षा संबंधी प्रेरणादायक आर्ट को देखकर इसकी तारीफ की !उल्लेखनीय है कि भिलाई में दो इंग्लिश मीडियम स्कूल खोले जाने हैं खुर्सीपार के अंडा चौक स्थित स्कूल एवं सेक्टर 6 स्कूल का मोडिफिकेशन किया गया है! सेक्टर 6 स्थित स्कूल में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी लैब को एक नए रूप में तैयार किया गया है ताकि विद्यार्थी आसानी से अपने प्रैक्टिकल कार्य यहां पर कर सकें! लैब में गैस कनेक्शन, प्लेटफार्म, वाटर सप्लाई, इक्विपमेंट को सुरक्षित रखने के लिए छोटे-छोटे खंड तैयार किए गए है! लाइब्रेरी में विद्यार्थियों की क्षमता बढ़ाने के लिए इसमें पूर्व से लगे हुए पार्टीशन को हटाया गया है! पहले छतों से सीपेज की शिकायत प्राप्त होती थी जिसे फ्लोरिंग कर ठीक किया गया है! स्कूल को आकर्षक बनाने के लिए बरामदा में पेंटिंग की गई है! बच्चे बारिश में भी प्रार्थना कर सकें इसके लिए बरामदा में लाइट लगाई गई है! स्कूल के पीछे पहले कचरा पसरा रहता था और टूटी हुई सेप्टिक टैंक थी जिसे सफाई करा कर इसे खेल मैदान के रूप में विकसित किया जा रहा है , पानी जमा होने के कारण बीएसपी के मेन सीवर लाइन से जोड़ा गया है जिसके कारण यह क्षेत्र खेल मैदान के लिए तैयार हो रहा है! शौचालयों का संधारण कर दरवाजा इत्यादि को व्यवस्थित कर दिया गया है! क्लास रूम में बैठक के लिए कुर्सी टेबल की उचित व्यवस्था की गई है! डॉ आलोक शुक्ला ने स्कूल के निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर श्री भूरे एवं निगमायुक्त श्री रघुवंशी से स्कूल के शैक्षणिक विकास के संबंध में चर्चा की! निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल , जोन आयुक्त महेंद्र पाठक , सहायक अभियंता सुनील जैन, उप अभियंता श्वेता महेश्वर एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहे!

BLACK BOARD